# डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**

Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in


पत्रांकः COE 369/DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2021–22 दिनांकः– 19 अगस्त, 2021

## बैक पेपर परीक्षा सितम्बर, 2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

(दिसम्बर, 2020 अधिसत्र परीक्षा जो माह मार्च, 2021 में संपन्न हुई थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए विषम अधिसत्र हेतु अर्ह विद्यार्थियों के लिए बैक पेपर परीक्षा का आयोजन माह सितम्बर, 2021 हेतु ऑनलाइन आवेदन)

विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की दिसम्बर, 2020 अधिसत्र परीक्षा जो माह मार्च, 2021 में विश्वविद्यालय में संपन्न हुई थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित हुए विषम अधिसत्र हेतु अर्ह विद्यार्थियों के लिए बैक पेपर परीक्षा का आयोजन माह सितम्बर, 2021 में कराया जाना प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की 10वीं बैठक दिनाँक 09.08.2021 के निर्गत कार्यवृत्त दिनाँक 16.08.2021 के बिन्दु संख्या–5 / 10 में लिये गये निर्णयानुसार माह मार्च, 2021 में विषम अधिसत्र की परीक्षा के आयोजन के उपरांत उक्त परीक्षा की बैक पेपर के लिये अर्ह पाये गये विद्यार्थियों (अधिकतम चार प्रश्न–पत्रों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी) को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित व्यवस्थानुसार सम्बन्धित विषयक अधिसत्र के अधिकतम 04 प्रश्न–पत्रों का बैक पेपर के लिये ऑन लाइन आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु नियमानुसार गैर दिव्यांग विद्यार्थी को 01 अवसर तथा दिव्यांग विद्यार्थी को 02 अवसर प्रदान किया जाना है।

विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं के संचालित पाठ्यक्रमों के बैक पेपर परीक्षा के सम्बन्ध में अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित हो रहे लिंक https://govexams.com/dsmnru/login.aspx के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./ Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये **बैक पेपर परीक्षा आवेदन दिनांक 21.08.2021 से दिनांक 31.08.2021 तक बैक पेपर परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकते हैं**। साथ ही विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में विद्यार्थी उक्त ऑन लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने विभाग / संस्था में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

2) **विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सम्बन्ध में** (बी0टेक को छोड़कर) बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500 / – की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या– 36510100000025 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में **RTGS/NEFT** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे।

3) **विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सम्बन्ध में** बैक पेपर हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500 / – की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow के नाम से संचालित **खाता संख्या–36510100007893 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में **RTGS/NEFT** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे।

4) **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं** के नियमानुसार बैक पेपर परीक्षा के सम्बन्ध में आवेदन करने वाले विद्यार्थी प्रति प्रश्न–पत्र हेतु निर्धारित शुल्क रू0 500 / – की दर से बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में RTGS/NEFT के माध्यम से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार बैक पेपर परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी / संबंधित संस्थान की होगी।

5) विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें बैक पेपर परीक्षा आवेदन हेतु अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के काउण्टर से संपर्क स्थापित करें अथवा ऑफलाइन

आवेदन–पत्र की प्रति प्रशासनिक भवन के भूतल स्थित कक्ष संख्या–21 से प्राप्त करते हुए दिनाँक 31.08.2021 के अपराह्न 01:00 बजे तक समस्त वांछित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 31.08.2021 को विस्तारित नहीं किया जायेगा। अतः परीक्षा आवेदन समबद्ध अपेक्षित है।

6) ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें।

7) **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।
4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा समय–सारिणी शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-369 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2021–22 दिनांकः– 19 अगस्त, 2021

<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–</u>

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण।
6. प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 02.09.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 02.09.2021 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।।
9. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

19/8/21
(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक